प्रेस नोट

सराहनीय कार्य कानपुर देहात
दिनांक- 19.06.2024

➢ **थाना डेरापुर पुलिस टीम द्वारा थाना डेरापुर क्षेत्र में आयी भूली भटकी मानसिक रूप से विक्षिप्ति महिला को बरामद कर, उसके परिजनों के सकुशल सुपुर्द किया गया।**

कृपया अवगत कराना है कि अपर पुलिस महानिदेशक कानपुर जोन कानपुर श्री आलोक सिंह व पुलिस महानिरीक्षक रेन्ज कानपुर श्री जोगेन्द्र कुमार के कुशल मार्गदर्शन में पुलिस अधीक्षक कानपुर देहात श्री बीबीजीटीएस मूर्ति के निर्देशन में जनपद कानपुर देहात में भूले-भटके लोगों का पता कर उनके परिजनों तक पहुंचाने के क्रम चलाये जा रहे विशेष अभियान के क्रम में, दिनांक 18.06.2024 को कॉलर मुकेश कुमार पुत्र राम मनोहर निवासी ग्राम किशवाखेड़ा थाना डेरापुर जनपद कानपुर देहात द्वारा एक अज्ञात मानसिक रूप से विक्षिप्ति महिला उम्र करीब 38 वर्ष भटक कर ग्राम किशवाखेड़ा में आ जाने की सूचना डायल 112 इवेन्ट नं0 42430 से प्राप्त हुई जिस पर पीआरवी 2689 तथा थाना स्थानीय पुलिस टीम द्वारा अज्ञात महिला को थाना पर लाकर तसल्ली पूर्वक पूछताछ करने पर अपना नाम पूजा तोमर पुत्री श्री शिवपाल निवासी ग्राम चन्दरपुर थाना बिधूना जनपद औरैया बताया। उपरोक्त के सम्बन्ध में जब थाना बिधूना से तस्दीक कराने के उपरान्त परिजनों द्वारा थाना डेरापुर आने में असर्थता जाहिर करने पर थाना डेरापुर पुलिस द्वारा महिला उपरोक्त को प्राइवेट वाहन से सकुशल उसके घर पहुंचा कर उसके परिजनों के सुपुर्द किया गया। महिला के परिजनों द्वारा पुलिस की उक्त कार्यवाही की भूरि-भूरि प्रशंसा करते हुए धन्यवाद दिया गया।

भटकी हुयी/बरामद महिला का विवरण-

1. पूजा तोमर पुत्री श्री शिवपाल निवासी ग्राम चन्दरपुर थाना बिधुना जनपद औरैया, उम्र लगभग 38 वर्ष।

बरामदगी करने/परिजनों तक पहुचाने वाली डेरापुर पुलिस टीम-

1. उ0नि0 श्री अनिलेश कुमार थाना प्रभारी थाना डेरापुर जनपद कानपुर देहात।
2. हे0का0 387 पंकज कुमार थाना डेरापुर जनपद कानपुर देहात।
3. का0 75 अमित कुमार थाना डेरापुर जनपद कानपुर देहात।
4. म0का0 1285 शालू थाना डेरापुर जनपद कानपुर देहात।
5. म0का0 1272 ऊषा थाना डेरापुर जनपद कानपुर देहात।
6. पीआरवी 2689